p>

Title: Need to take steps to clean Shipra river in Ujjain, Madhya Pradesh.

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): माननीय अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपका धन्यवाद और आभार करूँगा कि देर है पर अंधेर नहीं । काफी इंतजार करने के बाद भी आपने खूब परीक्षा ली और बोलने का समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद । आदरणीय संसदीय कार्य मंत्री जी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय प्रधान मंत्री जी का सबसे बड़ा अभियान नमामि गंगे, मोक्षदायिनी गंगा मैया के लिए है, वैसे ही मेरे क्षेत्र में मोक्ष दायिनी माँ शिप्रा मैया है । मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से और माननीय जल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि माँ शिप्रा की भी सफाई और उसकी गाद हटाने और उसको पावन बनाने का प्रोजेक्ट हमारे उज्जैन में भी करें ।

उज्जैन धार्मिक नगरी है । जैसे गंगा मैया के तट पर कुम्भ का मेला लगता है, वैसे ही हमारे यहाँ शिप्रा मैया के तट पर सिंहस्थ भरता है और वह करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है ।

महोदय, आप भी वहाँ पधारे हैं और आपने भी वहाँ स्नान किया है । मैं आपके माध्यम से माननीय जल मंत्री जी से माँ नर्मदा को प्रवाहमान करने एवं उसका सफाई अभियान को चलाने के लिए अनुरोध करता हूँ । बहुत-बहुत धन्यवाद ।